सतना | शुक्रवार | 22 अगस्त 2025 | वर्ष 26 | अंक 348 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

## एक नजर में



### रेखा गुप्ता के लिए होगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है. केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर की गयी समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया. प्रोटोकॉल के तहत दो महिला निजी सुरक्षा अधिकारी हर समय मुख्यमंत्री के साथ रहेंगी, जिनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे. गुप्ता पर बुधवार को जन सुनवाई के दौरान हमला करने वाले आरोपी खिमजीभाई को कल रात राजधानी की स्थानीय तीस हज़ारी अदालत ने पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया. दिल्ली पुलिस की इस दलील के बाद कि पूरी साज़िश का पर्दाफ़ाश करना ज़रूरी है, अदालत ने आरोपी से पूछताछ के लिए हिरासत की अनुमति दी.

### चीन पर लगाम के लिए भारत से रिश्ते सुधारने होंगे



**वाशिंगटन.** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने ट्रंप प्रशासन को आगाह किया है कि भारत-अमेरिका संबंधों को नाज़ुक मोड़ पर लाकर छोड़ना रणनीतिक भूल साबित होगी. उन्होंने कहा कि यदि वाशिंगटन वास्तव में चीन की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाना चाहता है तो उसे भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करना ही होगा. हेली ने न्यूजवीक में प्रकाशित एक लेख में लिखा कि रूस के तेल पर टैरिफ विवाद और शुल्क बढ़ोतरी से दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच खाई नहीं बनने दी जानी चाहिए.

# 'मछली' का महल ध्वस्त

**400** पुलिसकर्मी मौके पर रहे मौजूद | **25** करोड़ की 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन पर था अतिक्रमण | **06** मशीनों से कोठी पर प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 अगस्त. जिला प्रशासन ने ड्रग्स और लव जिहाद मामले में आरोपी मछली परिवार ने जिस सरकारी जमीन पर कोठी बनाई थी उसे जमींदोज किया. गुरुवार को बुलड़ोजर कार्रवाई से पहले प्रशासन ने पूरी जानकारी सुबह तक गुप्त रखी. दोपहर में जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई शुरू की.**

कोठी को ध्वस्त करने के लिए छह मशीनें लगाई गई. इस मौके पर एसडीएम विनोद सोनकिया के साथ ही अधिकारियो के साथ करीब 400 पुलिसकर्मी मौजूद रहे. मछली परिवार के लोगों ने इस दौरान हंगामें कि स्थिति बनाने की भी कोशिश की, जिसे अधिकारियों ने संभाले रखा. मछली परिवार इस बीच कार्रवाई पर रोक के लिए कोर्ट भी पहुंचा. आरोप है कि करीब 25 करोड़ रूपए की 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन पर मछली परिवार ने अतिक्रमण किया था. इस इमारत को ढहाने का काम पूरा किया गया.



सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई कि अधिकारियों ने कार्रवाई से पहले ही बैठक करते हुए इस पर निर्णय लिया. कोठी पर कार्रवाई शुरू करने से पहले कोकता पुलिस चौकी पर तीनों ही विभागों का अमले को बुलाया गया. जिसके बाद बुलड़ोजर की कार्रवाई शुरू की गई. लव जिहाद और छात्र-छात्राओं को ड्रग्स सप्लाई करने का मामला सामने आने के बाद से ही मछली परिवार पर प्रशासन की गाज गिरनी शुरू हो गई थी. इस परिवार के कई निर्माणों को पहले ही ध्वस्त किया जा चुका है. हाथईखेड़ा में इस परिवार की कोठी के अवैध होने की पुख्ता जानकारी के बाद इसे ध्वस्त किए जाने का निर्णय लिया गया. केस से जुड़े आरोपी शाहवर मछली, उसका भतीजा यासीन के साथ ही शारिक मछली पुलिस की गिरफ्त में पहले से ही है.

# 15 विधेयक दोनों सदनों से पारित

**37** घंटे मुश्किल से हुआ लोकसभा में कामकाज | **41** घंटे ही राज्यसभा में हो सका कामकाज | **55** प्रश्नों का ही दिया जा सका जवाब

**नयी दिल्ली, 21 अगस्त. संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किये गये.**

ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्य सभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया. इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गयी है. इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया.

लोकसभा में पेश किये गये 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गयी जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किये गये. किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया. राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी और एक महीने तक चले सत्र के दौरान हंगामे के कारण ज्यादातर समय कार्यवाही बाधित रही तथा केवल 38.88 प्रतिशत कामकाज हो सका.

दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा

( शेष पेज 2 पर )

### लोकसभा में पारित हुए 12 विधेयक

- गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुन-समायोजन विधेयक, 2025
- व्यापारी नौवहन विधेयक, 2025
- मणिपुर माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025
- मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025
- राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025
- राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025
- आयकर विधेयक, 2025
- कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025
- भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025
- खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025
- भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025
- ऑनलाइन गेमिंग का संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025

# सुदर्शन रेड्डी ने भरा उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र

- विपक्ष के राहुल गांधी सहित कई नेता मौजूद थे
- उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितम्बर को होगा

**नयी दिल्ली 21 अगस्त. उप राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पी सी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे.**

मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं. रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया.



प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किये हैं. इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे.उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है. चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन से है. उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 09 सितम्बर को होगा और मतों की उसी दिन शाम को करायी जायेगी.

# पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली, 21 अगस्त.** गुरुवार सुबह दिल्ली के पांच स्कूलों को बम धमकी वाले ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया. प्रभावित स्कूलों में आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, राव मान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल (छावला), मैक्सफोर्ट स्कूल (द्वारका सेक्टर-1) और इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं. बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल पूनम गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सुबह स्कूल की ईमेल आईडी पर धमकी भरा मेल मिला, जिसमें बम धमाके और खून-खराबे की चेतावनी दी गई थी. सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन विभाग और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया.

# मोदी और मैक्रों के बीच यूक्रेन संघर्ष के समाधान पर बातचीत

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से टेलीफ़ोन पर बातचीत के दौरान यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.**



प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मैक्रों ने मोदी को टेलीफोन किया था. बातचीत के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों ने हाल ही में वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हुई बैठकों के बारे में प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार साझा किए. उन्होंने गाजा की स्थिति पर भी बातचीत की. प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में राज्य के लिए 5200 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के साथ मेट्रो रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे.

